बी. टी. सी. चतुर्थ सेमेस्टर-2018 (II)

प्रथम प्रश्न-पत्र

आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन, लेखन-क्षमता का विकास

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 50

वस्तुनिष्ठ प्रश्न.

1. पठन की प्रक्रिया में उचित आरोह-अवरोह का समावेश न होने का प्रमुख कारण है— 1

(अ) शीघ्रता से पठन (ब) भाव को समझकर न पढ़ना

(स) अधिक तेज आवाज में पढ़ना (द) उपर्युक्त सभी।

2. लिखित भाषा के ध्वन्यात्मक पठन को कहते हैं— 1

(अ) सस्वर पठन (ब) मौन पठन

(स) उपर्युक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं।

3. वाक्य में निम्नलिखित गुण होते हैं— 1

(अ) सार्थकता (ब) क्रमबद्धता

(स) उपर्युक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं।

4. 'क' का उच्चारण स्थान है— 1

(अ) तालु (ब) मूर्धा

(स) कण्ठ (द) दन्त्य।

5. 'इच्छा' शब्द का पर्यायवाची है— 1

(अ) आशा (ब) स्पृहा

(स) अभिलाषा (द) उपर्युक्त सभी।

6. कोष्ठक चिह्न है— 1

(अ) ( ) (ब) { }

(स) [ ] (द) उपर्युक्त सभी।

7. किसी कथन का विस्तार देने वाले विवरण को प्रारम्भ करने के लिए किस विवरण चिह्न का प्रयोग होता है ? 1

(अ) :— (ब) { }

(स) । (द) ?.

8. शुद्ध शब्द है— 1

(अ) उज्जवल (ब) उजवल

(स) उज्वल (द) उज्ज्वल।

9. जिन स्वरों का उच्चारण करते समय मुख पूरी तरह खुला रहता है, कहलाते हैं— 1

(अ) संवृत्त स्वर (ब) निवृत्त स्वर

(स) अर्द्धसंवृत्त स्वर (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

10. शब्द की विशेषताएँ हैं— 1

(अ) शब्दों के मेल से वाक्य बनता है

(ब) वाक्यों में प्रयोग किए गए शब्द पद कहलाते हैं

(स) शब्दों के बिना भाषा का कोई अस्तित्व नहीं है

(द) उपर्युक्त सभी।

11. दी गई संख्याओं का अवरोही क्रम होगा—7854, 7846, 7864, 78. 1

(अ) 7864, 7854, 7846, 78 (ब) 78, 7846, 7854, 7864

(स) 7864, 7846, 7854, 78 (द) 78, 7864, 7846, 7854.

12. संख्या पाँच (5) को शून्य (0) से गुणा करने पर गुणनफल प्राप्त होता है— 1

(अ) शून्य (0) (ब) एक (1)

(स) पाँच (5) (द) दस (10)।

13. शून्य को किसी संख्या से भाग देने पर भागफल आता है— 1

(अ) दस (10) (ब) दो (2)

(स) एक (1) (द) शून्य (0)।

14. पुस्तक प्रेस कारखाने में पिछले वर्ष 39,779 तथा वर्तमान में 46,759 पुस्तकें छपकर तैयार हुईं। कुल कितनी पुस्तकें छपीं ? 1

(अ) 6,980 (ब) 86,538

(स) 39,779 (द) 1·175.

15. एक सैकड़े में कितनी दहाइयाँ होती हैं ? 1

(अ) 01 (ब) 10

(स) 100 (द) 1000.

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. पठन शिक्षण की ध्वनि साम्य विधि लिखिए। 1

17. व्यंजन वर्णों को लिखिए। 1

18. शब्द किसे कहते हैं? 1

19. निषेधात्मक या निषेधसूचक वाक्य किसे कहते हैं? 1

20. अन्तःस्थ व्यंजनों को लिखिए। 1

21. विलोम शब्द किसे कहते हैं? 1

22. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं? 1

23. ज्ञानार्जन और ज्ञानवृद्धि के प्रमुख स्रोत कौन-कौन से हैं? 1

24. संकर शब्दों को उदाहरण सहित लिखिए। 1

25. विराम चिह्नों सम्बन्धी समस्या के प्रमुख कारण लिखिए। 1

26. देवनागरी व अन्तर्राष्ट्रीय अंक (मूल संकेत अंक) को लिखिए। 1

27. आरोही क्रम को उदाहरण सहित लिखिए। 1

28. संख्या 32,541 एवं 6,170 की तुलना कीजिए। 1

29. अवधारणा या सम्बोध निर्माण हेतु क्या आवश्यक है? 1

30. 15 अमरूद हैं प्रत्येक बच्चों को तीन-तीन अमरूद दिये गये, तो कितने बच्चों को अमरूद मिले? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. पढ़ते समय पढ़ने की मुद्रा व ध्यान रखने योग्य बातों को स्पष्ट कीजिए। 2

32. श्रुतलेख क्या है? इसका महत्व स्पष्ट कीजिए। 2

33. प्रारम्भिक स्तर पर लेखन की अच्छी आदतों को कैसे विकसित करेंगे? स्पष्ट कीजिए। 2

34. विराम चिह्नों के प्रकार उदाहरण सहित लिखिए। 2

35. पत्र लेखन क्या है? एक प्रार्थना-पत्र लिखकर इसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। 2

36. आरम्भिक स्तर पर पठन की क्या उपयोगिता है? 2

37. स्थानीय मान व वास्तविक मान क्या है? स्थानीय मान को उदाहरण सहित समझाइए। 2

38. 01 से 09 तक की संख्याओं को वास्तुचित्रों की सहायता से गिनने, पढ़ने एवं लिखने की प्रक्रिया को समझाइए। 2

39. संख्या 50341 एवं 4321 की तुलना कीजिए तथा चिह्नों (<, >) का प्रयोग लिखिए। 2

40. बिना उधार लिये घटाना की क्रिया को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2